# गांधी सागर डेम लबालब, तीन गेट खोले

**मंदसौर 6 सितंबर. जिले का प्रसिद्ध गांधी सागर डेम शनिवार को लबालब हो गया. लगातार बारिश और जलागम क्षेत्र से भारी मात्रा में पानी आने के कारण जलस्तर बढ़ने पर शनिवार को तीन गेट खोले गए.**



गेट खुलने से चंबल नदी में पानी का बहाव तेज हो गया, जिसको देखते हुए नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है. गांधी सागर डेम का जलस्तर लगभग 1,305.20 फीट (397.82 मीटर) दर्ज किया गया. इस समय डेम का कुल संचय लगभग 5,380.75 मिलियन क्यूबिक मीटर रहा, जबकि इसकी अधिकतम क्षमता 5,940.99 स्त्रूरू है. जलभराव क्षमता लगभग पूरी होने पर जल संसाधन विभाग ने सुरक्षा दृष्टि से गेट खोले. डेम से पानी छोड़े जाने की सूचना पहले ही संबंधित जिलों को भेज दी गई थी ताकि निचले क्षेत्रों में एहतियाती इंतजाम किए जा सकें. गांधी सागर डेम के लबालब होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है क्योंकि इससे सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में राहत मिलेगी.

## नौनेरा और कोटा बैराज से पानी छोड़े जाते ही चंबल नदी उफनी, गांवों में अलर्ट

**मुरैना.** चंबल नदी का जल स्तर और बढ़ गया है. काली सिंध नदी पर बने नौनेरा बैराज से 1 लाख 90 हजार क्यूसेक और कोटा बैराज से 12 हजार क्यूसेक पानी चंबल नदी में छोड़ा गया है.



साथ ही पार्वती नदी का पानी भी चंबल में मिलने से स्थिति गंभीर हो रही है. **इन गांवों में अलर्ट** : सबलगढ़ क्षेत्र के कैमरा कला, छोटी राड़ी, बड़ी राड़ी, गौदौली धूर, रेजापुर, मड्डुआ, करघटी, मदनू का पुरा, वंशीपुरा, बलदेवपुरा. बेलापुर घेर, कुठियाना, रामप्रकाश का पुरा, रतन बसेर, चुसलाई, रामगढ़, सुखध्यान का पुरा, इंद्रजीत का पुरा, सुबसई, बिचपुरी, मदनल का पुरा, रामदेव का पुरा, रायपुर, दीवान सिंह का पुरा



## महत्वपूर्ण तिथियों पर पितरों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन होगा

**रतलाम।** श्राद्ध पक्ष की महत्वपूर्ण तिथियां पर पितरों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन होगा। वाघेला गो सेवा जीव दया समिति द्वारा पितरों को सामूहिक तर्पण के तैयारी के लिए बैठक रखी। बैठक कॉलेज रोड स्थित श्री दंडी स्वामी मठ पर महंत आत्मानंदजी सरस्वती के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। बताया कि श्राद्ध पक्ष की कुंवार पंचम डोकरिया नवमी, सर्व पितृ अमावस्या को श्राद्ध पक्ष का सामूहिक भोज का आयोजन नगर के प्रमुख वृद्ध आश्रमों, गो सेवा में सेवा देने वाले सेवादार, मंदबुद्धि के स्कूल व अन्य जगहों पर कराई जावेगा। समिति प्रमुख दिनेश वाघेला ने बैठक में बताया कि यह सभी वे महत्वपूर्ण तिथियां है जिसको हर परिवार को इन तिथियां पर श्राद्ध करना चाहिए जिससे सनातनी धर्मावलंबियों को अपने पुरखों के प्रति आदर परंपरा आस्था का भाव उत्पन्न होता है जिससे हमारे पूर्वज प्रसन्न होते हैं । साथ ही इससे परिवारों को सुख शांति की प्राप्ति होती है ।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा,06 सितम्बर.** गणेश विसर्जन के दौरान एक युवक कुलबहरा नदी में डूब गया. युवक को नदी से निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरैया निवासी नीरज पिता कन्हैया भट् 24 वर्ष के घर पर गणेश जी की स्थापना की गई थी. आज गणेश जी का विसर्जन करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ नीरज भट् चारगांवभाट में स्थित कुलबहरा नदी गया हुआ था. दोपहर के समय जब सभी लोग गणेश जी का विसर्जन कर रहे थे तब नीरज नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में चला गया और डूब गया. नीरज को नदी में डूबता देख स्थानीय लोगों ने आधा घंटे की मशक्खत करने के बाद नदी से बाहर निकाला.

## फिलिस्तीन झंडा लहराने पर युवक गिरफ्तार

**सेंधवा,06 सितम्बर.** शहर में ईद मिलादुन्नबी जुलूस के दौरान फिलिस्तीन का झंडा लहराने पर टैगोर बेड़ी निवासी इरफान पिता लुकमान अली 21 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. घटना का वीडियो वायरल होने के बाद देर रात शहर थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में कार्रवाई की गई. पुलिस ने आरोपी से पांच लाख रूपए का बाउंड ओवर भी भराया, ताकि भविष्य में वह इस तरह की गतिविधियों से दूर रहे. थाना प्रभारी ने बताया कि त्यौहारों के दौरान पुलिस का खुफिया तंत्र सक्रिय है और शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों व सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखी जा रही है.

# जीप के बोनट में बैठकर लहराई पिस्टल

**वीडियो वायरल होने के बाद तलाश में जुटी पुलिस**

**शहर में दहशत फैलाने की कोशिश**

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 सितम्बर, रीवा में एक युवक का गैंगस्टर स्टाइल में पिस्टल के साथ स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हो गया है.**

वीडियो में युवक एक जीप के बोनट पर बैठकर खुलेआम पिस्टल लहराते नजर आ रहा है. यह वीडियो फिल्म 'शूटआउट एट वडाला' से प्रेरित लगता है, जिसमें युवक न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करता दिखा, बल्कि हथियार लहराकर दहशत फैलाने की कोशिश भी की. वीडियो को शैलू बिछिया नाम की इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट किया गया है. वीडियो में युवक दिनदहाड़े सडक़ पर हथियार लहराता दिखाई देता है. शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि युवक के पास जो पिस्टल है, वह संभवतः अवैध हो सकती है. हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है और युवक से इस बारे में पूछताछ किया जाना बाकी है.

> लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस लगातार असामाजिक तत्वों पर सख्ती और अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई का दावा कर रही है, लेकिन ऐसे वीडियो सामने आने से कानून व्यवस्था और पुलिस की निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं. खुलेआम पिस्टल लहराना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक माहौल को बिगाडऩे की कोशिश भी. बिछिया थाना पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि युवक की पहचान के लिए इंस्टाग्राम आईडी और मुखबिरों की मदद ली जा रही है. जल्द ही युवक को चिह्नित कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# ग्वालियर से सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 6 सितंबर. मध्यप्रदेश की राजनीति में शनिवार को बड़ा बदलाव देखने को मिला. ग्वालियर क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा और बसपा छोड़कर कांग्रेस का हाथ थाम लिया. यह ऐतिहासिक घटना भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई, जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.**



यह दल ग्वालियर के वरिष्ठ नेता साहेब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल हुआ. कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा और बसपा ने जनता को केवल छल और धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया. किसानों, युवाओं और गरीबों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया गया. उन्होंने कहा कि अब जनता कांग्रेस से उम्मीद लगाए बैठी है और यही वजह है कि उन्होंने कांग्रेस के संघर्ष और नेतृत्व पर भरोसा जताया. ग्वालियर को अब तक भाजपा और बसपा का गढ़ माना जाता रहा है, लेकिन इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया कि इन दलों का जनाधार कमजोर हो रहा है. सैकड़ों कार्यकर्ताओं की कांग्रेस में एंट्री से प्रदेश की राजनीति का माहौल बदल गया और जनता अब कांग्रेस के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है.

> सदस्यता ग्रहण समारोह में जीतू पटवारी ने कहा कि ग्वालियर से आए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को नई ऊर्जा दी है. उन्होंने कहा, यह सिर्फ पार्टी बदलना नहीं, बल्कि प्रदेश को नई दिशा देने का संकल्प है. भाजपा और बसपा से मोहभंग होना बताता है कि जनता बदलाव चाहती है. अब मोहन यादव सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है.

# पन्ना को आशा कार्यक्रम में मिला छठवां स्थान

**उप मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत**

**पन्ना, 06 सितम्बर.मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि पन्ना जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाइल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर पूरे प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है.**




भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा प्रभारी डीसीएम डॉ संजय कुमार अहिरवार एवं विकासखंड पवई की आशा कार्यकर्ता बैजन पटेल को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि जिले को प्राप्त यह उपलब्धि गर्व की बात है. उन्होंने डीसीएम डॉ संजय कुमार एवं आशा कार्यकर्त्ता बैजन पटेल को हार्दिक बधाई प्रेषित की है उन्होंने कहा कि डीसीएम ने आशा कार्य कर्ताओं को यह कोर्स शत-प्रतिशत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आशा की आप ईसी प्रकार जिम्मेदारियो का निर्वाहन कर सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धियां प्राप्त करेगे.

## नक्सली जांच की आंच मंडला तक बीजाडांडी में विस्फोटक गोदाम सील

**मंडला, 06 सितम्बर. बालाघाट पुलिस की जांच की कड़ी मंडला जिले तक जा पहुंची है. बीजाडांडी थाना क्षेत्र स्थित नर्मदा इंटरप्राइजेज के विस्फोटक गोदाम को लाइसेंस नियमों के उल्लंघन पर सील कर दिया गया.**

दरअसल, नक्सली डंप से बरामद जिलेटिन की जांच में पुलिस नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज तक पहुंची, जिसने यह माल मंडला भेजा था. जांच में गड़बड़ी सामने आने पर स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोदाम सील किया. मंडला एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है और वरिष्ठ कार्यालय से दिशा-निर्देश लिए जा रहे हैं. जानकारी के अनुसार नर्मदा इंटरप्राइजेज का यह गोदाम वर्ष 2023 में शुरू हुआ था. एसपी ने यह भी बताया कि वर्ष 2021 में नैनपुर क्षेत्र में चार मैंगनीज की जांच में भी विस्फोटक सामग्री मिली थी, जिस पर अभी विवेचना चल रही है. दशहरा और दीपावली जैसे बड़े पर्वों को देखते हुए पुलिस समय-समय पर ऐसी कार्रवाई करती रहती है ताकि शहर में अवैध विस्फोटक सामग्री एकत्रित न हो. बालाघाट पुलिस दल से मिले सुरागों को ध्यान में रखते हुए भी बीजाडांडी में यह कार्रवाई की गई.

# शराब के नशे में महिलाओं ने की मारपीट

**शारदा लॉज बैढ़न के ठीक सामने की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस, दोनों महिलाओं को कराया शांत**

**सिंगरौली 6 सितम्बर. कोतवाली बैढ़न से चन्द कदम दूर शारदा लॉज के ठीक सामने बीच सड़क पर दो महिलाएं आपस में गुत्थम-गुत्थी कर एक-दूसरे को जमीन पर पटक कर मारपीट करने लगी.**



यह घटना शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे की है.ऐसी चर्चा रही कि दोनों महिलाएं शराब के नशे में धुत्त थी. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच दोनों महिलाओं के विवाद को शांत कराया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मल्हार पार्क के समीप शारदा लॉज के ठीक सामने सड़क पर दो महिलाएं शराब के नशे में धुत्त होकर आपस में ही मारपीट शुरू कर दी. इस घटना को देख आसपास के लोग जो जिसने भी बीच-बचाव करने का प्रयास किया, महिलाएं उन्ही को अश्रील गालियां देनी लगी. विवाद बढ़ता देख पुलिस को इसकी जानकारी दी गई. मौके से पहुंची पुलिस को भी महिलाएं भड़क कर गाली दे रही थी.

## स्वच्छ वायु दिवस पर इलेक्ट्रिक व्हीकल वाहन रैली 9 को

**ग्वालियर,06 सितम्बर. शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वायु सुधार को दृष्टिगत रखते हुए 9 सितम्बर को दोपहर 12 बजे बैजाताल से इलेक्ट्रिक व्हीकल-स्वच्छ वायु दिवस पर वाहन रैली निकाली जाएगी.**

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने बताया कि शहरी क्षेत्र में प्राय: देखने में आ रहा है कि डीजल, पेट्रोल चलित वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण वायु में कार्बन मोनो ऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, कार्बन डाई ऑक्साइड इत्यादि गैसों के घुलने के कारण शहरी वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव देखा जा रहा है. वायु सुधार की दृष्टि से शहरी सीमा के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को जागरूक करने व अधिकतम इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी चलित वाहनों अथवा सार्वजनिक वाहनों से आवागमन करने के लिए प्रेरित हेतु 9 सितम्बर को दोपहर 12 बजे जिला प्रशासन, नगर निगम, शैक्षणिक, पुलिस, परिवहन, वन व अन्य शासकीय, अर्ध शासकीय विभागों के सहयोग इलेक्ट्रिक व्हीकल-स्वच्छ वायु दिवस पर वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है. यह वाहन रैली बैजाताल से प्रारंभ होकर, नदी गेट, ज्येन्द्रगंज, पाटनकर बाजार, दौलतगंज, महाराजबाडा, सराफा बाजार, डीडवाना ओली, राम मंदिर, छप्पर वाला पुल, शिंदे की छावनी, निगम मुख्यालय सिटी सेंटर होते हुए समापन स्थल बाल भवन रहेगा.

# गरोठ थाने में शामिल हुईं दो नई डायल 112 गाड़ियां, अपराध पर होगी पैनी नजर

**गरोठ। अपराधों पर अंकुश लगाने और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गरोठ थाने को दो नई अत्याधुनिक डायल 112 गाड़ियां मिली हैं। करीब 46 लाख रुपए की लागत से आई ये गाड़ियां अब क्षेत्र में डायल 100 की तरह ही तत्काल पुलिस सेवा उपलब्ध कराएंगी।**



इन गाड़ियों का शुभारंभ शुक्रवार को विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने थाना परिसर में रिबन काटकर एवं पूजन कर किया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील, एसडीओपी विजय कुमार यादव, थाना प्रभारी हरीश मालवीय, महेंद्र जैन, अनिल मेघवाल सहित पुलिस अमला, पत्रकार व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नई गाड़ियों को विशेष सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। सबसे अहम फीचर यह है कि ड्राइवर की वर्दी पर कैमरा लगाया गया है, जो किसी भी आपराधिक गतिविधि को मौके पर ही रिकॉर्ड करेगा। इससे घटनाओं के सबूत जुटाने में आसानी होगी। इसके साथ ही गाड़ियों में त्रक्क सिस्टम भी लगाया गया है, ।

> **शुभ मुहूर्त पर हुआ शुभारंभ**
> कार्यक्रम का समय पहले दोपहर 3 बजे तय था, किंतु शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए इसे शाम 5 बजे आयोजित किया गया। विधायक सिसोदिया ने गाड़ियों का पूजन कर उन्हें पुलिस बल को सुपुर्द किया।

## किले से कूदा युवक, झाड़ियों में फंसा मिला

**ग्वालियर,6 सितम्बर.** ग्वालियर किले से कूदकर शनिवार शाम एक 35 वर्षीय युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया. वह किले की तलहटी में मौजूद झाड़ियों में फंस गया जिससे उसकी जान बच गई. घटना शाम करीब 4 बजे की है. मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार युवक आसिफ खान पहले भी कई बार छलांग लगाने की कोशिश कर चुका था. स्थानीय लोग उसे रोकते रहे, लेकिन छठी बार वह कूदने में सफल रहा. घटना की जानकारी मिलते ही ग्वालियर थाना पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची. स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को झाड़ियों से रस्सी के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाला गया.

## दो पक्ष आपस में भिड़े, चले चाकू, युवती समेत तीन घायल

**जबलपुर, 6 सितम्बर. सिविल लाईन थाना अंतर्गत सुलभ काम्पलेक्स के बाजू से बंजरंग कॉलोनी में दो पक्ष भिड़ गए और दोनों पक्षों से चाकू चले, जिसमें युवती समेत तीन लोग घायल हो गए. एक की हालत गंभीर है. पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.**

पुलिस ने बताया कि विष्णु सिंह ठाकुर 32 वर्ष निवासी सरकारी कुआ काली मंदिर घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी आर्यन यादव से सब्जी के ठेले लगाने की बात को लेकर बहस हुई थी. वह अपने छोटे भाई संजय सिंह ठाकुर के साथ अपनी सुलभ काम्पलेक्स के बाजू स्थित सब्जी की दुकान में सब्जी बेच रहा था, तभी आर्यन यादव आकर बोला कि यहां ठेले लगाने से मना किया था, यहां पर मेरा ठेला लगेगा, कहते हुये जान से मारने की नियत से चाकू से हमलाकर कमर में मारा जो उसका मोबाइल रखे होने से मोबाइल में चाकू लगा. उसका भाई बचाने आया तो आर्यन ने चाकू से हमलाकर उसे भी 4-5 जगह चोटें पहुँचा दी, उसका भाई लहुलुहान होकर गिर गया. जिसे विक्टोरिया अस्पताल भिजवाया,जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया. वहीं आर्यन यादव 22 वर्ष निवासी ललित कालोनी बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह लॉ की पढाई मदर टेरेसा कालेज गौर से रहा है.

**निर्देश** | **सांसद गणेश सिंह ने ली उर्वरक वितरण के संबंध में बैठक**

# किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था सुगम बनाएं

**सतना, 6 सितम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न जिलों में रासायनिक खाद के वितरण में किसानों को हो रही कठिनाई के समाधान के लिए किसान संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा जिला प्रशासन के साथ बैठक करने का निर्देश दिये थे.**



निर्देशों के परिपालन में सांसद सतना गणेश सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में जिला प्रशासन, कृषि और मार्कफेड के अधिकारियों तथा किसान संगठनों तथा संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर समीक्षा की. इस मौके पर सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय, भारतीय किसान यूनियन के इंद्रजीत पाठक, दिलीप सिंह, भारतीय किसान यूनियन टिकैट ठाकुर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा उपेंद्र तिवारी, लालबिहारी पाठक, दयाशंकर द्विवेदी, सुनील गौतम, डीडीए आशीष पाण्डेय, डीएमओ नेहा तिवारी शर्मा उपस्थित थे.

> सांसद सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा किसानों को खरीफ फसलों के लिए सुसंगत मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति की जा रही है और लगातार जिले में खाद के रैक लग रहे हैं. रैक लगने में एक-दो दिन का विलंब हो सकता है और वितरण के लिए समितियों तथा वितरण केन्द्रों में खाद पहुंचाने में भी समय लगता है. उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर डबल लॉक केन्द्रों को विस्तारित कर तहसील स्तर पर भी डबल लॉक के वितरण केन्द्र बनाने का प्रयोग किया जा सकता है. ताकि किसानों को स्थानीय स्तर पर उर्वरक मिल सके. किसान संगठनों ने वितरण व्यवस्था में सुधार के कई सुझाव दिए. बैठक में बताया गया कि अभी तक सतना जिले में 25,411 मेट्रिक टन तथा मैहर जिले में 11,000 मेट्रिक टन खाद राज्य षासन ने दिया है. जो विगत वर्ष की तुलना में 23,550 मेट्रिक टन से कही अधिक है. इस वर्ष बारिश अच्छी होने के कारण धान के बोनी का रकबा 20 प्रतिशत बढ़ा है. इसलिए खाद की मांग बढ़ गई. जिसके लिए किसानों को निरंतर आपूर्ति भी की जा रही है. अभी कल एक और रैक आने वाला है, उपलब्धता के आधार पर सभी समितियां में विषेश रूप से पहले उन किसानों को जिन्हें टोकन जारी किया गया है उन्हें खाद दिया जाएगा.

# चुनाव आयोग सहित अन्य से जवाब तलब

**नप अध्यक्ष का पद एक वर्ग को आरक्षित किये जाने का मामला**

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिये अध्यक्ष का पद दाई दशक से आरक्षित होने को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। दायर मामले में कहा गया है कि मुरैना के बानमोर नगर परिषद में अध्यक्ष का पद लंबे समय से अजा को आरक्षित है, जो कि अवैधानिक है. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में राज्य सरकार, चुनाव आयोग व अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.

यह जनहित याचिका मुरैना जिले की बानमोर निवासी महावीर जैन की ओर से दायर की गई है। जिसमें कहा गया है कि वर्ष 1999 से नगर परिषद अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति के लिए लगातार आरक्षित किया जा रहा है, जबकि कानून और संविधान के तहत आरक्षण की प्रक्रिया रोटेशन पद्धति से लागू की जानी चाहिए।

नियमानुसार किसी सीट को लगातार एक ही वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी बानमोर नगर परिषद में लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए ही अध्यक्ष पद आरक्षित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया न केवल गैर-आरक्षित वर्ग को उनके अधिकार से वंचित कर रही है, बल्कि आरक्षण का लाभ भी सीमित कर रही, जो अवैधानिक है।

> **छतरपुर कलेक्टर को हाजिर होने के निर्देश**
> मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की नाफरमानी के मामले को सख्ती से लिया है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में छतरपुर कलेक्टर को 10 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिये है। यह मामला छतरपुर निवासी देवकीनंदन वर्मा की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अभय पांडे ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया हाईकोर्ट ने 14 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर को आदेश दिए थे कि 60 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।